## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 04.09.2025 (दोपहर–1455 बजे)

**********************

पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल जंगल में कल रात टीएसपीसी नक्सलियों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए, जबकि एक जवान घायल हो गया, जिसका इलाज मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम और पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन अस्पताल पहुंचे और घायल जवान का हालचाल जाना। इसके बाद झारखंड पुलिस मुख्यालय की 4 सदस्यीय टीम पलामू पहुंची और शहीद जवानों को पुलिस लाइन ग्राउंड में अंतिम सलामी दी गई। शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव हैदरनगर प्रखंड भेज दिया गया, जहां अंतिम संस्कार होगा। आईजी अभियान माइकल राज ने कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और नक्सल उन्मूलन अभियान और तेज किया जाएगा। वहीं, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शहादत को सलाम किया।

**********************

रांची के कांके स्थित रिनपास के 100 साल पूरे हो गये हैं। इस खास मौके पर आज शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विशिष्ट अतिथि के तौर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद रहे। इनके अलावा कई हस्तियां शताब्दी समारोह में शामिल हुई। गौरतलब है कि रिनपास का अपना गौरवमयी इतिहास है। यहां 1925 से अब तक 35 लाख मानसिक रोगियों का सफल इलाज हो चुका है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की डाक प्रणाली अब दुनिया का सबसे बड़ा डोरस्टेप बैंकिंग नेटवर्क है, जो सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित करता है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, श्री मोदी ने कहा कि सरकार के अभूतपूर्व प्रयासों से देश का विनम्र डाकिया वित्तीय समावेशन का अग्रदूत बन गया है।

**********************

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वस्तु और सेवा कर–जीएसटी की दरें कम करने के सरकार के फैसले की सराहना की है। आज गुरुग्राम के सोहना में मीडिया को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से मध्यम वर्ग और निम्न आय वाले परिवारों पर वित्तीय बोझ कम होगा।

**********************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वस्तु एवं सेवा कर–जीएसटी प्रणाली में बदलावों की घोषणा का झारखंड के व्यवसाइयों ने स्वागत किया है। हजारीबाग वासियों का कहना है कि इससे महंगाई में कमी आएगी और बाजार में रौनक लौटेगी। हजारीबाग चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव राकेश ठाकुर ने कहा कि यह कदम अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।

**********************

लोहरदगा जिला मे मिशन वात्सल्य के तहत बाल विवाह रोकथाम के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**************************

दुमका जिले के झाझापारा गांव पहुंची राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने दीदी की दुकान कार्यक्रम के तहत महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक लाभुक को 30,000 रुपये की सहायता राशि दी। उन्होंने लाभुक से दैनिक बिक्री और मासिक आय पर चर्चा करते हुए कहा कि सूक्ष्म उद्यम महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहे हैं।

**********समाप्त****************